भारतीय विद्युत नियम 1956 के अनुसार किसी भी Electrical Installation में हर उपकरण की धातुयुक्त Body को **अर्थिंग** करना अनिवार्य है।

कारण सर्किट में Fuse जैसे उस सर्किट का **Safely Device** के रूप में काम करता है।

उसी तरह **अर्थिंग** भी उस Installation और उस Installation पर काम करने वाले व्यक्ति के लिए एक सुरक्षात्मक साधन के रूप में काम करती है।

अर्थिंग करना क्यो जरूरी होता है ? | Why Is Earthing Necessary ?

मानवी जीवन Electric Shock से सुरक्षित रहे इसलिए

जमीन बिजली की सुचालक है। जब सप्लाय की फेज वायर या Positive कंडक्टर विद्युत उपकरण की बॉडी से संपर्क में आतें है, तब उस उपकरण की बॉडी में विद्युत धारा बहने लगती है। विद्युत उत्पादन करने वाले Generators , अल्टरनेटर्स और विद्युत वितरित करने वाले Transformers इनकी Neutral अर्थिंग के साथ जोड़ी जाती है।

अगर इस परिस्थिति में कोई व्यक्ति जमीन पर खड़े होकर उस उपकरण पर काम करे, तो उसका संपर्क उस उपकरण की बॉडी में प्रवाहित **Current** से होता है।

और उस व्यक्ति को Electric Shock लगता है।

अगर उस उपकरण की बॉडी अर्थ वायर से Connect हो। तब फेज और अर्थिंग का संपर्क होता है।

उपकरण का सर्किट **Short Circuit** में बदल जता है। उस उपकरण का **Circuit Short** होने की वजह से उसमें ज्यादा Current प्रवाहित होता है।

वह करंट उस सर्किट में प्रस्थापित Fuse में से भी बहता है। परिणामस्वरूप उस Fuse का **Fuse Wire** ज्यादा Current की वजह से जलकर टूट जाता है।

उस उपकरण का सर्किट Open Circuit में बदल जाता है। और इस तरह आगे होने वाली संभावित जीवित व वित्त हानि को टाल दिया जाता है।

लीकेज करंट की वजह से उपकरण या Installation सुरक्षित रखने के लिए

इस वजह से उपकरण की बॉडी गर्म हो जाती है। अगर ज्यादा लिकेज करंट हुआ तो बॉडी ज्यादा गर्म हो जाती है। ज्यादा Temperature की वजह से उपकरण की Winding जलने की संभावना होती है। बेअरिंग खराब हो सकती है। अगर किसी Wire या Cable का Insulation कम क्षमता का हो, तो आगे चलकर उसकी **Insulation Resistance** क्षमता और भी कम होती जाती है। इस

वजह से Wire या Cable के Insulation में से लीकेज करंट फ्लो होता है, जो उपकरण की धातुयुक्त बॉडी में आकर घूमता रहता है।

अगर इस परिस्थिति में उस उपकरण को Earthing System से Connect कर दिया जाए, तो लीकेज करंट अर्थ वायर के जरिये जमीन में चल जाता है। और होने वाला दुःपरिणाम टाल दिया जाता है।

आसमानी बिजली से ऊंची इमारतें, बड़े-बड़े विद्युत उपकरण और ओवर हेड लाईन्स के बचाव के लिए।

Overhead Line, Genrating Station, Substation तथा ऊंची इमारतो पर अगर आसमानी बिजली गिरे तो यह सब जलकर नष्ट हो सकते हैं। इएलिये ऊंची इमारतो पर अर्थ कंडक्टर और ओवर हेड लाईन पर **Lightning Arrester** लगाकर उसे Earthing System से जोड़ दिया जाता हैं। आसमानी बिजली अर्थ कंडक्टर से होकर जमीन में समा जाती है। और इस

न्यूट्रल और अर्थिंग में क्या फर्क होता है?

तो अर्थिंग यह लीकेज करंट का मार्ग पूरा करती है। Neutral **Load Resistance** से जोडी जाति है, तो अर्थिंग उपकरण की धातुयुक्त Body से जोडी जाती है।ऊपर बताये गए निष्कर्षों से यह साबित होता है कि, Earthing System यह सुरक्षा का एक साधन है। कारण सर्किट में स्थित Neutral यह सर्किट में प्रवाहित करंट का मार्ग पूरा करती है।

Neutral यह **Circuit Close** करने और Current के वापसी के मार्ग के लिए उपयोग में लाई जाती है, तो अर्थिंग यह सुरक्षा साधन के रूप में लीकेज करंट के बहाव के लिए उपयोग में लाई जाती है।

किन जगहों पर अर्थिंग करना बहुत जरूरी होता है ?

1. Metal Body वाले सब Switches, Distribution Box, Busbar Chambers, इनकी Body को।
2. Electric Motor, Transformer इनकी Body को कम से कम 2 जगहों पर।
3. Electric Iron, Heater, Geezer, Cooler के body को।
4. Tree Pin Socket के बड़े लंबे Terminal को।
5. Three Phase Four Wire System में Star Point को।
6. DC Three Wire System में Neutral कंडक्टर को।
7. Underground Cable के Armouring को।
8. कॉन्ड्यूट वायरिंग में हर Metal कॉन्ड्यूट को।
9. और भारतीय विद्युत नियम 90 के अनुसार Over Head Wire के पोल को हर 1.6 KM में कम से कम 4 जगहों पर अर्थिंग करना चाहिए।

Earthing System के विषय मे ISI के नियम | ISI Rules Regarding Earthing

1. किसी भी इमारत के बाहर, इमारत से 1.5 मीटर अंतर पर अर्थिंग करना चाहिए।
2. Earth Electrode और Earth कंडक्टर, Nut-Bolt और वाशर यह सब एक ही धातु के होने चाहिए।

3. Earth कंडक्टर सर्किट के कुल करंट के दुगने Current Carrying Capacity का होना चाहिए।
4. किसी भी सर्किट के अर्थ कंडक्टर का आकार 14 SWG से कम ना हो। मुख्य अर्थ कंडक्टर 8 SWG से कम आकर का न हो।
5. Earthing System के कंटीन्यूटी कंडक्टर को यांत्रिक हानि ना पहुंचे इसलिए 12mm व्यास के पाईप से होते हुए जमीन के 60cm नीचे से जहां जरूरत हो वहां तक पहुचना चाहिए।
6. Earth Electrode के चारो ओर नमक, बालू और कोयले कि (रेत)15-15 cm के अंतराल पर परतपरत बिछानी चाहिए।-दर-
7. अर्थ कंडक्टर का joint Nut-Bolt और वाशर की सहायता से ही करना चाहिए। और उस joint पर बाद में सोल्डरिंग करना चाहिए
8. Earthing का Resistance हमेशा कम से कम होना चाहिए। अर्थ कंडक्टर अगर Copper का हो तो 1 Ohm और अगर GI का हो तो 3 Ohm से ज्यादा नही होना चाहिए
9. गर्मियों के दिनों में Earth Resistance कम करने के लिए, फनेल में बीच-बीच मे पानी डालते रहना चाहिए।

- **Electric Circuit क्या है? | Electric Circuit कितने प्रकार के होते हैं?**

अर्थिंग के मुख्य कितने प्रकार होते हैं? | What Are The Main 3 Types Of Earthing ? In Hindi

Electrical Installation में नीचे बताई गई 3 तरहों की अर्थिंग का उपयोग किया जाता है।

1. System Earthing (Neutral Earthing)
2. Equipment Earthling (उपकरण अर्थिंग(
3. Special Requirement Earthing (विषेश मांग पर की जाने वाली अर्थिंग(

सिस्टम अर्थिंग | System Earthing (Neutral Earthing)

सिस्टम अर्थिंग की वजह से सम्पूर्ण विद्युत प्रणाली का रक्षण होता है। विद्युत प्रणाली में अगर कोई दोष निर्माण होता है तब, उस प्रणाली में स्थित Protection Device कार्यान्वित हो जाते हैं। और फॉल्टी सेक्शन को सर्किट से अलग कर देते हैं। ईस वाजह से विद्युत प्रणाली मे स्थित साधन सामग्री और उपकरणो का बचाव होता है। **उदाहरण-** अगर ओव्हरहेड लाईन का कोई एक कंडक्टर टूटकर जमीन पर गिर जाए तब वह कंडक्टर वहां पर संचार कर रहे प्राणी/ मनुष्यों के लिए अत्यंत ही

धोकादायक साबित हो सकता है। अगर कभी ऐसा होता है तो उस सर्किट में अर्थ फॉल्ट होकर सुरक्षा उपकरण कार्यान्वित हो जाते हैं और उस टूटे कंडक्टर वाले हिस्से को विद्युत सप्लाय से अलग कर देते हैं। जिस वजह से वहा संचार कर रहे मनुष्य/ प्राणी तथा उपकरण होने वाली हानि से बच जाते हैं। थ्री फेज प्रणाली में डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर की सेकंडरी वाइंडिंग का स्टार कनेक्शन करके वह पॉइंट अर्थ किया जाता है। उस अर्थ पॉइंट से लोड के लिए एक न्यूट्रल वायर बाहर निकली जाती है। इसे न्यूट्रल Earthing कहते हैं। थ्री फेज में अगर लोड अनबैलेंस हो जाए, तब उस सर्किट का अनबैलेंस करंट न्यूट्रल अ र्थिंग से होता हुआ जमीन में चला जाता है। इस वजह से लाइन और अर्थ में का पोटेंशल डिफरेन्स कम होकर थ्री फेज का वोल्टेज बैलेंस कायम रखा जाता है। इस वजह से उस सर्किट में स्थित उपकरणों को सुरक्षित रखा जाता है। यह सिस्टम अर्थिंग की वजह से ही संभव होता है।सिस्टम अर्थिंग विद्युत निर्मिति केंद्र (जनरेटिंग स्टेशन), और सबस्टेशन में की जाती है। जनरेटिंग स्टेशन के अल्टरनेटर की वाइंडिंग और सबस्टेशन में पॉवर ट्रांसफार्मर की सेकंडरी वाइंडिंग का स्टार कनेक्शन करके उनका स्टार पॉइंट अर्थ किया

जाता है। जिसे सिस्टम अ र्थिंग या न्यूट्रल Earthing कहा जाता है।

उपकरण अर्थिंग | Equipment Earthing

विद्युत उपकरण का वह धातुयुक्त भाग जो विद्युत प्रवाह के बहाव के लिए उपयोग में न आता हो, अथवा उपकरण की बॉडी का संबंध स्थायी और निर्बाध रूप से सिस्टम अर्थिंग से करना **Equipment Earthing (उपकरण अर्थिंग)** कहलाता है। हमारे घरों में कई जाने वाली अर्थिंग यह Equpment Earthing का है। विद्युत उपकरण और उसपर काम काम कर रहे मानवी जीवन की सुरक्षा के लिए उस उपकरण को अर्थिंग करना बोहोत जरूरी होता है। उपकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले इन्सुलेशन का रेसिस्टेन्स कम होकर उसमे से लीकेज करंट बहने लगता है। यह लीकेज करंट उपकरण के धातुयुक्त भाग में निरंतर घूमते रहता है, जिस वजह से उपकरण की उष्णता बढ़कर वह जलने की संभावना होती है। ऐसे समय पर Equipment Earthing की वजह से वह लीकेज करंट जमीन में चला जाता है, और उपकरण सुरक्षित रह पाता है। अगर उपकरण को विद्युत स्पाय

देने वाली केबल या वायर का इंसुलेशन किसी कारणवर्ष खराब हो जाए तो फेज या लाईव वायर का उपकरण की बॉडी से सीधा संपर्क होता है, और उपकरण की बॉडी में विद्युत करंट का बहाव होने लगता है। अगर कोई इंसान उस उपकरण पर काम करने लगे तो, उपकरण को स्पर्श करते ही उस इंसान को जोरदार बिजली का झटका मेहसूस होगा। उस इंसान की जान भी जा सकती है। वह उपकरण अगर **Equipment Earthing (उपकरण अर्थिंग)** से जुड़ा हो तो वहां अर्थ फॉल्ट होकर सुरक्षा साधन (फ्यूज/MCB) कार्यान्वित होंगे और उस उपकरण को विद्युत आपूर्ति से अलग कर देंगे। परिणामस्वरूप उस उपकरण पर काम करने वाला व्यक्ति सुरक्षित रहेगा।

डबल अर्थिंग

अर्थ कंडक्टर अगर किसी कारण से बीच से कहीं टूट जाए या खराब हो जाए, तो उपकरण पर काम करते समय ऊपर बताई गई जीवित या वित्त हानि संभव होती है। ऐसा न हो इसलिए अधिक सुरक्षा हेतु औद्योगिक उपकरण के धातुयुक्त बॉडी में दो जगहों पर दो अलग अलग अ र्थिंग की जाती है। जिसे डबल अर्थिं ग कहते हैं।

यदि उनमेसे कोई एक अर्थिंग निष्क्रिय हो जाये तो दूसरी अर्थिंग से उपकरण सुरक्षित रहता है।

विशेष मांग पर की जाने वाली अर्थिंग | Special Demand Earthing

कुछ विशिष्ट जगहों पर ऊंची इमारतों की Static Charge (आकाशीय बिजली) से सुरक्षा करने के लिए Static Earthing की जाती है।

बड़ी-बड़ी इमारतें और हॉस्पिटल के ऑपेरशन थिएटर ऐसी जगहों पर लाइटनिंग कंडक्टर इनस्टॉल करके उनको Earthing से कनेक्ट किया जाता है। ओवर हेड लाइन पर लाइटनिंग अरेस्टर इनस्टॉल करके उन्हें भी अर्थ किया जाता है। जिससे आकाशीय बिजली का डिस्चार्ज अर्थ कंडक्टर से होकर जमीन में चल जाता है।

और इस प्रकार ऊंची इमारते और ओवर हेड लाईन सुरक्षित रहते हैं। Clean Earthing (क्लीन अर्थिंग) कहीं जगहों पर कंप्यूटर डेटा प्रोसेसिंग उपकरणों के लिए क्लीन Earthing की जाती है। जो स्वतंत्र रूप से कंप्यूटर सिस्टम से कनेक्ट होती है। क्लीन अर्थिंग मतलब ऐसी अर्थिंग जो आम तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली अर्थिंग के संपर्क में न होकर सिर्फ एक ही उपकरण के लिए इस्तेमाल की जाती है।

हर इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन में अर्थिंग का बहुत महत्व है। लेकिन यह अर्थिंग कैसे की जाती हैं? इस आर्टिकल मे हमने बारीकी से बताने वाले है।

अर्थिंग कितने प्रकार से की जाती है ? | How Is Earthing Done?

अर्थिंग नीचे बताए गए 2 प्रकार से की जाती है

1. **प्लेट अर्थिंग |Plate Earthing**
2. **पाईप अर्थिंग | Pipe Earthing**

प्लेट अर्थिंग |Plate Earthing

इस प्रकार की अर्थिंग के नाम से ही हम समझ सकते हैं कि इसमें धातू की प्लेट का उपयोग होता है। प्लेट अर्थिंग के लिए तांबे (Copper) के धातु की या G.I. की प्लेट का उपयोग किया जाता है।

प्लेट अर्थिंग करने के लिए जमीन में 90×90 cm का गड्ढा 3 मीटर तक गहरा खोदा जाता है।

Earthing Plate की Size क्या होनी चाहिए?

उस गड्ढे में 60 cm लंबी ×60cm चौड़ी और 3.15 mm मोटी तांबे (Copper) की प्लेट या फिर 60 cm लंबी × 60cm चौड़ी और 6.3 mm मोटाई वाली G.I. की प्लेट अर्थ इलेक्ट्रोड के रूप में इस्तेमाल की जाती है।

उस प्लेट को 19 mm और 12.7 mm व्यास के दो पाईप जोड़ दिए जाते हैं। 19 mm व्यास वाले पाईप के ऊपरी सिरे पर एक फनेल जुड़ी होती है। अर्थ इलेक्ट्रोड से कनेक्शन करने ले लिए एक ओपन कॉपर/G.I. वायर 12.7 mm व्यास वाले पाईप से होते हुए जमीन से बाहर निकली जाती है।

अर्थ इलेक्ट्रोड के चारो ओर रेत(बालू), नमक और कोयले की 15-15 cm की एक के बाद एक परत दर परत बिछाई जाती है। इस तरह की परत ऊपर 90 cm तक बिछाई जाती है।

बाकी का गड्ढा काली मिट्टी से भरने के बाद, साधारणतः 2.5 मीटर के बाद अर्थ कंडक्टर वाले पाईप को बाहर निकल जाता है, जहां पर अर्थिंग का कनेक्शन करना होता है। जिस पाईप के ऊपरी सिरे पर फनेल लगी होती है।

उस पाईप के चारो ओर जमीन की सतह बसे नीचे 30cm × 30 cm सीमेंट कॉन्क्रीट का एक टैंक बना दिया जाता है, और उसे कास्ट आयर्न से बने एक ढक्कन से ढक दिया जाता है।

इस तरह से प्लेट अर्थिंग करके मुख्य स्विच और वहां से आवश्यक स्थान तक अर्थ कंडक्टर पहुंचाकर अर्थिंग की जाती है।

जनरेटिंग स्टेशन और सब स्टेशन्स में इस प्रकार की अर्थिंग की जाती है।

पाईप अर्थिंग | Pipe Earthing

पाईप अर्थिंग करने के लिए जमीन में 70cm लंबा, 70cm चौड़ा और 3.75 मीटर गहरा एक गड्ढा किया जाता है। 38mm व्यास और 2 मीटर लंबा एक G.I. का पाईप उस गड्ढे में अर्थ इलेक्ट्रोड के रूप में उपयोग में लाया जाता है।

उस पाईप की पूरी सतह पर 12mm के छिद्र बने होते हैं। जो आपस मे 7.5 cm अंतर पर बने होते हैं। इस अर्थ इलेक्ट्रोड को रिड्युसिंग सॉकेट की मदत से 19mm व्यास का एक और 12.7mm व्यास का एक ऐसे दो G.I. पाईप कनेक्ट किये जाते हैं।

19mm व्यास वाले पाईप के ऊपरी सिरे पर एक फनेल जुड़ी होती है। फनेल का उपयोग अर्थिंग को पानी देने के लिए किया जाता है। अर्थ लीड के लिए एक ओपन कंडक्टर अर्थ इलेक्ट्रोड को कनेक्ट करके 12.7mm व्यास वाले पाईप के जरिये बाहर निकाला जाता है।

इसका उद्देश्य यह है कि अर्थ लिड को कहीं से क्षति न पोहचे।

अर्थ इलेक्ट्रोड के चारो ओर नीचे से 15-15cm के अंतराल से रेती (बालू), नामक और कोयले की परत दर परत बिछाई जाती है।

अर्थ इलेक्ट्रोड के ऊपर का गड्ढा मिट्टी से ढक दिया जाता है।

अर्थ कंडक्टर जो 12.7mm व्यास वाले पाईप से बाहर निकाला जाता है, उसे आगे जमीन में 60 cm नीचे से होते हुए, जिस जगह पर अर्थिंग करनी हो वहां तक पहुंचाया जाता है।

फनेल के चारो ओर 30×30 cm का सीमेंट कॉन्क्रीट का एक टैंक बनाया जाता है। उसे कास्ट आयर्न के एक ढक्कन से ढक दिया जाता है।

इस प्रकार की लो और मीडियम व्होल्टेज की वायरिंग इंस्टालेशन के लिए की जाती है।

अर्थिंग में नमक और कोयला क्यों डाला जाता है ?| Why Is SALT And COAL Used In Earthing?

अर्थिंग करते समय अर्थ इलेक्ट्रोड के चारो ओर नमक और कोयला डाला जाता है। क्योंकि नमक जमीन के क्षार को सोक लता है। और कोयला जमीन की नमी बनये राखता है। जिससे जमीन की कंडक्टिव्हीटी बढ़ जाती है। जमीन की कंडक्टिव्हीटी ज्यादा होगी तभी लीकेज करंट आसानी से जमीन में जा पायेगा।

अर्थिंग में पानी क्यों डाला जाता है ?

गर्मियों के मौसम में जमीन सूख जाती है। जिस कारण जमीम की कंडक्टिव्हीटी कम हो जाती है। जमीन में नमी बढाने के लिए अर्थिंग में फनेल के जरिये पानी डाला जाता है। अर्थिंग में कचरा जाकर पानी डालने का मार्ग

बंद न हो जाये इस वजह से अर्थिंग के फनेल के ऊपर एक कास्ट आयर्न का ढक्कन लगाया जाता है।

- **हमारे घरों में न्यूट्रल कहां से और कैसे आती है?**
- **स्टार कनेक्शन और डेल्टा कनेक्शन क्या है?**
- **स्टार डेल्टा स्टार्टर कैसे काम करता है ?**

UNIT-5



Given data: Consider a given residential plan.

This is the plan where we should calculate everything i.e., what are the materials required for the plan and make a chat of materials with costing.

All dimensions are in a meter

The following assumptions are made :

- The height of the meter board, distribution board from the floor level = 2 meters.
- Height of horizontal run and lighting fitting from floor level = 3 meters.
- Height of switchboard from floor level = 1.5 meters.

Step-01

Total lighting load and number of circuits

SI.No	Location	Area (meter square)	Wattage (10W/m sq)	Points	Points	P
				Lights	Fans	S
01	Verandah	8	80	1 * 60	–	–
02	Room	12	120	1*40(FL)	1*80	1
				1*60(IL)		
03	Hall	16	160	2*40	1*80	1
				1*60		

04	Kitchen	9	90	1*40	–	P
				1*60	–	
05	Passage	1.5	15	1*60	–	P
06	Bath room	2.5	2.5	1*60	–	–
			Total load =	480 watts	160 watts	1 w

- Total lighting circuit load = 480 + 160 + 120 = **760 watts**
- Total heating circuit load = **3000 watts**
- Total load of Installation = 760 + 3000 = **3760 watts**

No of the lighting circuit

= Total lighting circuit load/800

= 760/800 = **0.95**

If the total lighting circuit load exceeds 800 watts then two circuits must be provided, but here total lighting circuit load is less than 800 watts.

Therefore, only one circuit is used. Hence from the Meter board, one lighting and one heating circuit are taken.

Step-02

Wiring diagram for the given plan:

- MB – Meter Board

- DB – Distribution Board
- SB – Switch Board contains switches & sockets

Step-03

Size of the wire

To calculate any size of the wire, first, we should calculate load current and by using a wire table size of the wire can be calculated.

Load current = Total lighting circuit load/Voltage

= 760/230 = **3.30 Amps**

let, a factor of safety be 2(for future demands or load)

Current rating = load current * 2

= 3.30 * 2 = **6.6 Amps**

Therefore, for lighting circuit 3/22 SWG copper wire is selected from the wire table

Step-04

SI.No	Location	Horizontal run	Vertical drop to switch	Vertical rise pipe line to ceiling fan	W cr
01	Verandah	4+2	–	0.5	
02	Room	3+2	1	0.5	
03	Kitchen	3+1.5	1	0.5	

04	Hall	4+4+4	1	0.5	0. 1. (o
05	Passage	1+1.5+0.75	1	0.5	
06	Bath	1.25	1	0.5	
	Total				1.

Length of Conduit required, use concealed conduit system of wiring.

Total = 37 + 1,65(wall crossing)

= **38.65 = 39 (say)**

Total PVC conduit = 39 +5% wastage

= **40.95 = 41 meter (say)**

Step-05

The total length of wire required

length of wire(3/22 copper wire) = 41 * 3

= **123 meter**

Step-06

Wood screws(assorted size) = 4(No of MB+SB)

= 4(1 + 4)

= 20 + 5% wastage

= **21.95 Nos**

Step-07

The number of wood plugs required is **22 Nos** as same as wood screws.

Step-08

Other accessories required

01. ICDP Switch

- load current = 3.30 * 2 = 6.6 Amps
- A 15A ICDP switch is selected or 15A MCB is used.

02. Switches = No of lamps + fans + sockets

= 12 + 2

= 14 Nos

A 250 V, 5 A switches = 14Nos

03. A 250 volts, 5 A, 3-Pin socket = 2 Nos

04. No of fan regulators = 2 Nos

05. No of Pendant holder = 6 Nos

06. No of Angle holder = 4 Nos

07. No of ceiling roses = No of fan + No of pendant

= 2 + 6 = 8 Nos

08. Fluorescent fitting, 230 V, 5 A = 4 set

09. Ceiling fans, 230 V = 2 set

10. Incandescent fitting = 6 set

11. No of Tees = 4 Nos

12. Meter Board = 1 Nos

13. Switch Board = 4 Nos

Step-09

Labor Charge

The labor charge depends upon the number of points

No of point

- = (lights + fan + sockets) * 0.5 + MB + DB
- = (10 + 2 + 2) * 0.5 + 1 + 1
- = **15 Nos**

Labor Cost = Cost per point * No of points

= 195 * 15 = **Rs 2970.00**

Step-10

Cost Of Materials

Cost depends on you which company product you are buying.

01. For heating load

load current = Total heating circuit load / Voltage

= 3000 / 230 = 13.04 Amps

Current rating = load current * Factor of safety

= 13.04 * 2 = 26.08 Amps

Therefore, 7/20 SWG copper wire is selected.

02. PVC Conduit required

Horizontal run = 4+2+4+1+2.5+1.5+3

= 18 meter

- Vertical drop = 1+1 = 2 meter
- Wall crossing = 0.33 * 4 = 1.32 meter
- Total PVC Conduit = 21.32 = 22 (25mm, 2mm thick)

Therefore, Total PVC conduit = 22 + 10% wastage

= 24.2 = 25 meter

03. Length of wire required

Length of wire = 3 * length of PVC conduit

= 3 * 25

= 75 meter

04. Wood screws (assorted size) = 4 * 2

= 8 No + 5%

= 8.4 = 9 No's

05. Wood Plugs = 9 No's

06. Other accessories required

(a) ICDP Switch

Load current = 13.04, FOS = 3

Current rating = 13.04 * 3 = 39.13 Amps

A 250 V, 50 Amps selected

(b) Switches – A 250 V, 15 A switches = 2 No's

(c) 3-Pin socket = 2 No's

(d) No of elbows = 2 No's

(e) Switch board (200*250*45 mm) = 2 No's

07. Labor Cost

No of point = 2

labor cost = 195 * 2 = 390 rupees.

1. यदि आप अपने घर की **मरम्मत कर रहे हैं** या नए निर्माण कर रहे हैं तो फर्श से सभी कमरों के लिए बिजली के तारों का वितरण करें।

फर्श से छिपे हुए तारों का काम तेजी से और आसान होता है, क्योंकि आपको दीवारों (ज़ारी) को काटने और प्लास्टर बनाने की ज़रूरत नहीं है।

2. सुरक्षित काम के लिए एक बिंदु से दूसरी तरफ **वायर लूपिंग** से बचें।

विद्युत तार की लूपिंग तार टेप के साथ की जाती है, जो गोंद का आधार होता है और जब तार गर्म हो जाता है तो कुछ महीनों के बाद पिघलने लग जाता है। यदि वायर

लूपिंग ठीक से नहीं किया गया है तो यह शॉर्ट सर्किट का कारण हो सकता है।

Electrical Wiring Layout

3. सुनिश्चित करें कि आप बिजली के तारों में भविष्य के किसी भी बदलाव के लिए ठेकेदार से **बिजली के तार का लेआउट** लेते हैं।

विद्युत ठेकेदार कागज पर तारों का लेआउट बनाता है जहां से उन्होंने प्रत्येक कमरे के लिए छिपी तारों को वितरित किया, जिससे उसे तार खींचने और भविष्य के संदर्भ के लिए मार्गदर्शन किया जाता है।

4. त्यौहार (दीवाली) या किसी अन्य उद्देश्य के लिए सजावट रोशनी के लिए **खिड़की / बालकनी और प्रवेश द्वार** के पास अतिरिक्त प्लग और स्विच बिंदु के लिए हमेशा व्यवस्था करें। यह एक सरल बात है लेकिन बहुत सारे घर के मालिक इस बिंदु को भूल जाते हैं।

5. आवश्यक कमरे में टीवी केबल, इंटरनेट, टेलीफोन, एसी और सीसीटीवी के लिए पूर्व-व्यवस्था करें।

6. ब्रांडेड तारों और स्विच का उपयोग करें जैसे Polycab तार, जीएम स्विचेस

7. एमसीबी (MCB) और आरसीसीबी (RCCB) को मत भूलना।

8. अगर टपका या रिसाव संबंधी समस्याएं हैं तो बिजली के तारों को लगाए जाने से पहले वॉटरप्रूफिंग करें।

9. बिजली के तारों का काम हर बिंदु आधार पर चार्ज किया जाता है, जिसमें दीवार का काटना (जरी), पाइपिंग, वायर, स्विच बोर्ड, स्विचेस, स्क्रू और वायर टेप शामिल हैं। रेगुलेटर और लाइट फिटिंग अतिरिक्त चार्ज करते है।

10. मरम्मत की लागत काम पर निर्भर करती है जैसे स्विच बदलना, वायर बदलना आदि। आम तौर पर 1 या 2 घंटे के काम के लिए भी इलेक्ट्रिसियन पूरे दिन का चार्ज करते है

UNIT-6

Industrial estimates

मशीनों की स्थापना करना (Installation of Machines):

मशीनों की स्थापना करते समय बड़ी सावधानी रखनी पड़ती है । यदि मशीन अच्छी तरह से स्थापित नहीं की जाती है तो उस पर कार्य को भली-भांति नहीं किया जा सकता है । इसलिए मशीनों की स्थापना का बड़ा महत्व है ।

कार्यक्रियायें:

मशीनों की स्थापना करते समय निम्नलिखित कार्य-क्रियायें करनी पड़ती है:

(i) पैकिंग खोलना:

सबसे पहले मशीन की पैकिंग खोलनी चाहिए और दिये गए निर्देशों के अनुसार मशीन को बाहर निकालना चाहिए ।

(ii) चैक करना:

मशीन की पैकिंग खोलने के बाद चैक करना चाहिए कि मशीन के साथ कौन- कौन से सहायक टूल्स और पार्ट्स आए हैं जिनकी लिस्ट बना लेनी चाहिए ।

(iii) लटकना:

मशीन की पैकिंग खोलने के बाद देखना चाहिए कि मशीन को उठाने के लिए कुछ निर्देश दिए हैं कि नहीं । यदि निर्देश दिए हों तो उसी के अनुसार मशीन को उठाना चाहिए । मशीन को उठाने के लिए रस्सों और क्रेन का प्रयोग किया जा सकता है । यदि मशीन को उठाने के लिए कोई निर्देश न हो तो मशीन की सेंटर ऑफ ग्रेविटी को ध्यान में रखकर उठाना चाहिए ।

(iv) अंतिम स्थापना और लेवलिंग करना:

मशीन को उसके स्थान पर रखने के बाद उसकी लेवलिंग की जाती है । लेवलिंग स्टील को वेज या स्क्रू की सहायता से की जा सकती है । लेवलिंग करने के बाद मशीन को फाउंडेशन बोल्टों की सहायता से फर्श के साथ कस दिया जाता है । यदि कोई मशीन अधिक झटकों के साथ चलती है तो उसके लिए एंटी-वाइब्रेशन

पैड का प्रयोग किया जाता है । अंत में मशीन को बिजली के साथ कनेक्शन दे दिया जाता है ।

(v) स्प्रिट लेवल:

यह एक लेवल चैकिंग इंस्ट्रूमेंट है जिसमें तरल पदार्थ के साथ एक कर्वड ग्लास ट्यूब होती है । इस ट्यूब में एक बुलबुला दिखाई देता हे । बुलबुला और तरल पदार्थ दोनों ग्रेविटी के फोर्स द्वारा बराबर किया करते हैं । साज-समाज को हॉरिजांटल पोजीशन में चैक या सेट करने के लिए स्प्रिट लेवल का प्रयोग किया जाता है ।

प्रकार:

प्रायः निम्नलिखित प्रकार के स्प्रिट लेबल प्रयोग में लाए जाते हैं:

i. प्रिसीजन स्प्रिट लेवल:

इसका प्रयोग 0.02 से 0.05 मि.मी. की सेंसिविटी के साथ मशीन की लेवलिंग के लिए किया जाता है ।

ii. ब्लॉक लेवल:

इसका प्रयोग मशीन की वर्टिकल और हॉरिजांटल लेवलिंग के लिए किया जाता है । इसका अधिकतर

प्रयोग मशीन टूल स्लाइडों की वर्टिकल और हांरिजाटल अलाइंनमेंट करने के लिए किया जाता है ।

मशीन की फाउंडेशन (Foundation of Machines):

मशीन की फाउंडेशन कंक्रीट मिश्रण अनुपात के साथ की जाती है जो कि प्रायः 1:2:4 अर्थात् 1 भाग सीमेंट, 2 भाग रेत और 4 भाग पत्थर होती है ।

एक फाउंडेशन को निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति करनी चाहिए:

(क) इसे मशीन के अलाइनमेंट को अच्छी दशा में रखना चाहिए ।

(ख) यह झटके सहने योग्य होनी चाहिए ।

(ग) इसे स्टेटिक और डायनामिक लोड्स लेने योग्य होनी चाहिए ।

मशीन को शॉप फ्लोर के साथ अच्छी तरह से पकड़ने के लिए फाउंडेशन बोल्टों का प्रयोग किया जाता है । मशीन के बॉटम और शॉप फ्लोर या फाउंडेशन ब्लॉक के टॉप के बीच गैप भरने को ग्राउटिंग कहते हैं ।

फाउंडेशन में कंक्रीट भरते समय किसी भी मूवमेंट को रोकने के लिए वुडन फार्म्स का प्रयोग किया जाता है ।

इन्हें खोखले भाग में रखने के बाद बाहर से कसकर बांध दिया जाता है । इससे ये कंक्रीट के प्रैशर को आसानी से सहन कर लेते हैं । टेम्पलेट लकड़ी का एक पैटर्न है जो कि मशीन के बेस का प्रतिनिधित्व करती है और खोखले भाग में बोल्ट को आश्रय देती है ।

मशीनों की मेंटिनेंस (Maintenance of Machines):

मशीनों को सही दशा में रखना अति आवश्यक होता है । यदि मशीनों की मेरिनेंस समय-समय पर न की जाए तो उन पर परिशुद्धता में कार्य नहीं किया जा सकता । इससे उत्पादन में भी कमी आ सकती है ।

लाभ:

(अ) मशीन अधिक समय तक कार्य कर सकती है ।

(ब) मशीन परिशुद्धता में कार्य कर सकती है ।

(स) मशीन अधिक पार्ट्स का उत्पादन कर सकती है ।

(द) पार्ट्स कम खराब होते हैं ।

(इ) कार्य को आसानी से किया जा सकता है ।

(फ) कम पॉवर खर्च होती है ।

प्रकार:

मशीनों की मेन्टिनेंस निम्नलिखित प्रकार से की जाती है:

i. रूटिन मेन्टिनेंस:

इसमें मशीन को प्रतिदिन चालू करने से पहले साफ करके तेल दिया जाता है । कभी-कभी कार्य करते समय कुछ खराबी भी आ जाती है जिसे ठीक कर लिया जाता है और आवश्यकतानुसार तेल भी लगाया जा सकता है ।

ii. प्रिवेंटिव मेन्टिनेंस:

इसमें मिलराइट सेक्शन के द्वारा प्रत्येक मशीन को ठीक दशा में रखने के लिए एक प्रोग्राम बना लिया जाता है और नियमानुसार प्रत्येक मशीन को समय-समय पर चैक किया जाता है । यदि आवश्यकता होती

है तो खराब पार्टस को बदल भी दिया जाता है जिससे मशीन खराब नहीं होने पाती है । मिल राइट सेक्शन के द्वारा एक चार्ट भी बनाया जाता है कि कौन-कौन सी मशीनों पर कितने समय के बाद कौन सा तेल देना है ।

मशीनों की ओवरहॉलिंग करना (Overhauling and Alignment of Machines):

मशीन को ठीक दशा में रखने, उसका जीवन बढ़ाने और उसकी परिशुद्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक हो जाता है कि कुछ निश्चित समय के बाद मशीन की ओवर-हॉलिंग की जाए । इसमें मशीन के प्रत्येक पार्ट को खोलकर अलग कर दिया जाता है और उन्हें साफ करके तेल देकर दोबारा फिट किया जाता है ।

कार्यकियायें:

मशीन की ओवरहॉलिंग करने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रियायें की जाती हैं:

i. खोलना:

ओवर-हॉलिंग करने के लिए मशीन के प्रत्येक पाई को खोलकर अलग कर दिया जाता है । मशीन को खोलने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी कर लेनी चाहिए

। यदि मशीन की कार्य-विधि के बारे में जानकारी न हो तो उसे नहीं खोलना चाहिए ।

मशीन के प्रत्येक पार्ट को खोलने के बाद बोल्ट, नट, स्क्रू और छोटे-छोटे पार्ट्स आदि को एक ट्रे में डालकर रखना चाहिए । पार्ट्स को खोलते समय साक्षी निशानों को ध्यान में रखना चाहिए । यदि मशीन पर ऐसे निशान न दिखाई दें तो अपने निशान लगाकर पार्टस को खोलना चाहिए जिससे फिटिंग वाले पार्टस को दुबारा फिट करने में आसानी रहती है ।

ii. साफ करना:

मशीन के प्रत्येक पाई को खोलने के बाद उसे साफ किया जाता है । पार्ट्स को साफ करने के लिए थोड़ी देर तक मिट्टी के तेल में डुबोकर रखा जाता है और बाद में ब्रुश या साफ कपड़े के द्वारा साफ कर लिया जाता है ।

iii. चैक करना:

प्रत्येक पाई को साफ करने के बाद उसे चैक करना आवश्यक होता है । इसमें यह देखा जाता है कि पाई, में कोई खराबी तो नहीं है । किसी पाई में कोई खराबी

दिखाई दे तो उसे ठीक कर लेना चाहिए या पाई. को बदल देना चाहिए ।

iv. तेल लगाना:

पार्टस को साफ करने के बाद उन पर तेल लगाया जाता है । पार्टस के प्रकार के अनुसार उचित ग्रेड के तेल का प्रयोग करना चाहिए । इससे पार्ट्स को जंग लगने से बचाया जा सकता है ।

v. असेम्बल करना:

पार्ट्स को साफ करने और तेल लगाने के बाद फिर से असेम्बल किया जाता है । पार्टस को फिट करने के लिए अधिक ताकत का प्रयोग नहीं करना चाहिए और जिस स्थान पर पार्ट्स को जोड़ना हो वह साफ सुथरा होना चाहिए ।

फिटिंग वाले पार्ट्स के साक्षी निशानों को ध्यान में रखकर फिट करना चाहिए । पार्ट्स को जोड़ते समय साथ-साथ चैकिंग भी करते रहना चाहिए कि पार्टस ठीक तरह से फिट हो रहे हैं कि नहीं । पूरी मशीन को असेम्बल करने के बाद चैक करना चाहिए कि वह

अपना कार्य भली भांति करती है कि नहीं । यदि कोई कमी हो तो उसे पूरा कर देना चाहिए ।

सावधानियां:

a. ओवरहॉलिंग करने से पहले मशीन के बारे में पूरी तरह से जानकारी कर लेनी चाहिए ।

b. पार्ट्स को खोलते समय साक्षी निशानों को ध्यान में रखना चाहिए । यदि ऐसे निशान दिखाई न दे तो अपने निशान लगा लेने चाहिए ।

c. पार्ट्स को साफ करने के बाद दुबारा फिट करते समय ध्यान रखना चाहिए कि उन पर मिट्टी वगैरा न लगने पाए ।

d. नट, बोल्ट, स्क्रू व छोटे-छोटे पार्टस को एक ट्रे में डालकर रखना चाहिए ।

e. पार्ट्स को खोलने या फिट करने के लिए उचित टूल्स का प्रयोग करना चाहिए ।

f. पार्ट्स को साफ करने के बाद अवश्य चैक कर लेना चाहिए कि वे कार्य करने योग्य है कि नहीं । यदि

आवश्यकता हो तो उन्हें ठीक कर लेना चाहिए अथवा बदल लेना चाहिए ।

मशीन का अलाइनमेंट करना (Alignment of Machines):

मशीन के पार्ट्स और शाफ्टों को परिशुद्धता में सेट करके बांधने को अलाइनमेंट कहते हैं । यदि किसी मशीन का अलाइनमेंट ठीक नहीं होगा तो उस पर परिशुद्धता में कार्य नहीं किया जा सकता है, मशीन अधिक पॉवर खर्च करेगी और उसके पार्ट्स भी कम समय में घिस जायेंगे जिससे मशीन जल्दी खराब हो सकती हैं । अतः मशीन का अलाइनमेंट करना अति आवश्यक है ।